# कार्यालय जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, कानपुर नगर।

पत्रांक 22 /सां0नि0/बजट/2022–23 दिनांक: 21 अप्रैल 2022

परियोजना प्रबन्धक,
यू0पी0 प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि0, यूनिट–10
कानपुर।

कृपया सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत डा0 सुधांशु त्रिवेदी मा0 संसद सदस्य, राज्य सभा के पत्र दिनांक 18.12.2021 का सन्दर्भ गृहण करने का कष्ट करें (छायाप्रति संलग्न) जिसके द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के शैक्षिक उन्नयन एवं अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के दृष्टिगत परिसर में स्थापित श्री अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के कक्षों के निर्माण हेतु अपनी सांसद निधि से रू0 50.00 लाख (रू0 पचास लाख मात्र) का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

अतः मा0 सांसद द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के कम में जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर द्वारा उक्त कार्य को कराये जाने हेतु यू0पी0 प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि0, यूनिट–10 कानपुर को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है।

कृपया निम्नलिखित बिन्दुओं के अनुसार आगणन तैयार कर तत्काल डी0आर0डी0ए0 में प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि धनराशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

(1) डी0आर0डी0ए0 से आगणन तैयार करने हेतु पत्र प्राप्त होते ही कार्यदायी संस्था द्वारा लो0नि0वि0 के वर्तमान शिड्यूल ऑफ रेट्स (स्वीकृत दरों) के आधार पर ही स्थलीय स्थिति के अनुरूप ही आगणन तैयार किया जायेगा। अधूरे कार्य का आगणन तैयार नहीं किया जायेगा। आगणन के साथ स्थल का छायाचित्र भी खींचा जायेगा, जिसमें कार्यदायी विभाग के अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता भी प्रदर्षित हों। कोई भी आगणन अनुरक्षण/अपग्रेडेषन कर तैयार कर प्रेशित नहीं किया जायेगा। धार्मिक स्थल/प्राइवेट जमीन से सम्बन्धित कार्य का आगणन तैयार नहीं किया जायेगा। आगणन तैयार करते समय तथा कार्य के क्रियान्वयन में योजना के मार्गदर्शी सिद्वान्तों का परिपालन पूर्ण रूपेण सुनिष्चित किया जायेगा।

(2) सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत जारी मार्ग–निर्देशों के अनुसार कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जाने वाले कार्यों में कार्यान्वयन अभिकरण प्रबन्ध सम्बन्धी आरम्भिक कार्यों कार्यान्वयन पर्यवेक्षण आदि से सम्बन्धित अपनी सेवाओं के लिये किसी भी तरह का प्रशासनिक व्यय, सेंटेज आदि नहीं लेंगे।

(3) स्वीकृत कार्य को समयान्तर्गत प्रारम्भ कराकर पूर्ण कराया जायेगा तथा समय से द्वितीय किष्त की मांग प्रेशित करते समय स्थल का छायाचित्र अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/परियोजना प्रबन्धक की उपस्थिति प्रदर्षित करते हुये प्रेशित किया जायेगा तथा कार्य की गुणवत्ता भी प्रमाणित की जायेगी। तदोपरान्त सत्यापन के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर अवशेष धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में अवमुक्त की जायेगी। स्थल पर कार्य से सम्बन्धित पत्थर अवश्य लगाया जायेगा।

(4) कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जायेगा।

21-4-22

(राम कृपाल चौधरी)
परियोजना निदेषक
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण
कानपुर नगर।

पृ0सं0 22 /तददिनांकित

प्रतिलिपि:

(1) डा0 सुधांशु त्रिवेदी मा0 संसद सदस्य, राज्य सभा को सूचनार्थ प्रेषित।
(2) कुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (मो0नं0 9414189254) को सूचनार्थ एवं प्रस्तावित कार्य हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें।

परियोजना निदेषक
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण
कानपुर नगर।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक (केन्द्रीय भण्डार)

# यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि0

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
उद्योग कुंज रोड नियर हलुआखाड़ा (रजवाहा)
नौरैया खेड़ा (नहर कोठी), दादा नगर, कानपुर–208022
CIN : U15209UP1976SGC004285

पत्रांक 346 /पी.सी.एल./पी.एम./कानपुर/ दि0 13/06/2022

सेवा में,

परियोजना निदेशक
ज़िला ग्राम्य विकास अभिकरण
कानपुर नगर।

विषयः छत्रपति शाहू जी महराज विश्वविद्यालय कानपुर के शैक्षिक उन्नयन एवं अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के दृष्टिगत परिसर में स्थापित श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल आफ लीगल स्टडीज के कक्षों के निर्माण हेतु आगणन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः आपका पत्रांक 22/सां0नि0/बजट/2022–23 दिनांक 21 अप्रैल, 2022

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा छत्रपति शाहू जी महराज विश्वविद्यालय कानपुर के शैक्षिक उन्नयन एवं अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के दृष्टिगत परिसर में स्थापित श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल आफ लीगल स्टडीज के कक्षों के निर्माण हेतु आगणन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में आप द्वारा वांछित आगणन रू0 50.03 लाख का गठित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय

परियोजना प्रबन्धक
निर्माण इकाई–10, कानुपर

17-6-22

पंजीकृत कार्यालय : गोमती बैराज बॉया तट, गोमती नगर, लखनऊ
फोन : 2306911, 2308945, 2308946, 2308947, 2308978 फैक्स : 0522–2308242
E-mail : pm_10@upprojects.org Website : www.upprojects.org